राष्ट्रीय सहारा
कानपुर • बुधवार • 24 जून • 2020
5

# किसानों की आय बढ़ाने में सहायक हो सकती है संरक्षित खेती : शाही



सीएसए कृषि विश्वविद्यालय के वेबिनार में भाग लेते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। फोटो : एसएनबी

**सीएसए कृषि विवि के वेबिनार में संरक्षित खेती पर चर्चा**

कानपुर (एसएनबी)। प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के प्रधानमंत्री के संकल्प के दृष्टिगत संरक्षित खेती किसानों की आय बढ़ाने में काफी सहायक हो सकती है। संरक्षित खेती से वर्ष भर तथा प्रतिकूल मौसम में भी सब्जियों का उत्पादन कर बेहतर मूल्य हासिल किया जा सकता है। इस तकनीक से गुणवत्तायुक्त सब्जियों का उत्पादन होता है तथा कीट एवं रोगों का प्रकोप न्यूनतम होने से कृषि रक्षा रसायनों का प्रयोग भी कम होता है।

श्री शाही सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के तत्वावधान में ' सब्जी फसलों की संरक्षित खेती, चुनौतियां एवं संभावनाएं' विषय पर आयोजित वेबिनार को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी के चलते जोत निरंतर कम हो रही है। प्राकृतिक संसाधनों का भी क्षरण हो रहा है। ऊपर से जलवायु अनिश्चितता मुश्किलें और बढ़ा रही हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों को ऐसी विद्या व तकनीक पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए, जिससे प्रति इकाई क्षेत्र में अधिक उत्पादन व आय हासिल की जा सके। विवि कुलपति डॉ डीआर सिंह ने कहा कि सब्जियां स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होती है, जो पोषक तत्वों के साथ-साथ विटामिन, खनिज, लवण, प्रोटीन, एवं एंटीआक्सीडेंट प्रदान करती हैं।

उन्होंने बताया कि देश के कुल सब्जी उत्पादन में प्रदेश की भागीदारी 15.4 प्रतिशत है। वेबिनार में पद्मश्री डॉ ब्रह्मा सिंह पूर्व निदेशक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन नई दिल्ली द्वारा भारती में संरक्षित खेती की संभावना, डॉ.बलराज सिंह पूर्व कुलपति एवं परियोजना समन्वयक आईसीएआर नई दिल्ली ने संरक्षित ढांचों के अंतर्गत सब्जी फसलों के बीज उत्पादन, साग-भाजी अनुभाग आईएआरआई अध्यक्ष डॉ.बीएस तोमर ने लता वर्गीय फसलों की संरक्षित खेती, डॉ.एबी सिंह ने टमाटर एवं शिमला मिर्च की खेती पर चर्चा की। विवि के निदेशक शोध डॉ.एचजी प्रकाश ने सभी का स्वागत किया।

**National Webinar on Protected cultivation of vegetable crops: challenges and opportunities held on June 23, 2020**